**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहाड़ी राज्यों के लिए नाबार्ड द्वारा विशेष नियम निर्धारित करने की आवश्यकता पर दिया बल।
- कुल्लू और चम्बा जिले के आपदा प्रभावित इलाकों में तीन केन्द्रीय मंत्रियों ने लिया नुकसान का जायजा।
- शिमला में राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन शुरू–उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सम्मेलन से सहकारिता क्षेत्र को मिलेगी नई उर्जा।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी–बिलासपुर के नम्होल में बादल फटने से सम्पत्ति को भारी नुकसान।

**मुख्यमंत्री–नाबार्ड**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहाड़ी राज्यों के लिए नाबार्ड द्वारा विशेष नियम निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि पहाड़ी राज्यों के लिए वन क्षेत्र, हरित पहल और पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान जैसे मापदण्डों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। नाबार्ड के उप–प्रबंध निदेशक गोवर्धन सिंह रावत ने आज शिमला में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य सरकार और नाबार्ड के मुख्य कार्यालय के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने में निभाई गई भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे महत्वपूर्ण मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हुआ है। नाबार्ड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार के सुझावों पर विचार कर उन्हें भविष्य के दिशा निर्देशों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

**केन्द्रीय मंत्री**

केन्द्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज कुल्लू जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर समाहन गांव के समीप आपदा से हुए नुकसान का ज़ायजा लिया। उन्होंने सोलंग नाला में भी नुकसान का ज़ायजा लेकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में सावित्री ठाकुर ने कहा कि कुल्लू–मनाली में आपदा के चलते पयर्टन, कृषि व बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ज़िले में हुए नुकसान का पूरा ब्यौरा वे केन्द्र के समक्ष रखेंगी।

केन्द्रीय मंत्री ने आपदा की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान नुकसान के आंकलन, पुनर्निर्माण कार्यों और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास पर चर्चा की गई।

**शांतनु ठाकुर**

दूसरी ओर केन्द्रीय बंदरगाह और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के गुशैणी, तीर्थन और सैंज में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण हिमाचल बुरी तरह प्रभावित हुआ है और इस कठिन समय में भी प्रदेश के लोगों का धैर्य प्रेरणादायक है। शांतनु ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश की जनता का दर्द समझते हैं और इसलिए उन्होंने आपदा ग्रस्त हिमाचल प्रदेश को डेढ़ हजार करोड़ रूपए की राहत प्रदान की है।

**चम्बा दौरा**

उधर केन्द्रीय आदिवासी कल्याण राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने आज चम्बा जिले के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश के लिए डेढ़ हजार करोड़ रूपए की आर्थिक मदद का एलान किया है, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। विधायक जनक राज और पूर्व विधायक विक्रम सिंह जरयाल भी इस दौरान मौजूद रहे।

## बाली

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि टांडा मेडिकल कॉलेज में एम्स स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और इसके लिए सरकार ने सार्थक प्रयास शुरू किए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि टांडा अस्पताल में अब रोबोटिक सर्जरी सुविधा आरम्भ हो गई है इससे कांगड़ा, चम्बा, हमीरपुर और मण्डी जिले के लोगों को उपचार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बाली ने बताया कि राज्य सरकार ने अगले एक वर्ष में टांडा मेडिकल कॉलेज को प्रदेश के उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## सहकारिता सम्मेलन

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ये सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं बल्कि सहकारिता के पुर्नजागरण का उत्सव है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 5 हजार 5 सौ 44 सहकारी समितियां सक्रिय है जिनमें 2 हजार 2 सौ 87 कृषि सहकारी समितियां और 10 सहकारी बैंक किसानों व ग्रामीणों की आर्थिक जरूरतें पूरा कर रहे हैं। अग्निहोत्री ने उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन से सहकारिता क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी।

राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन के दौरान देश भर से आई सहकारी संस्थाओं ने अपनी उपलब्धियां और नवाचार प्रदर्शित किए।

## लोक अदालत

प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में हुई इन अदालतों में प्री लिटिगेशन और लम्बित मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालतों में एक सौ 28 बैंचों के समक्ष एक लाख 42 हजार 6 सौ 7 मामले उठाए गए जिनमें से 87 हजार 9 सौ 14 मामलों का निपटारा किया गया।

## पठानिया

कर्नाटक की राजधानी बैंगलुरू में तीन दिवसीय राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ भारत क्षेत्र सम्मेलन आज सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और उपाध्यक्ष विनय कुमार ने भी सम्मेलन में शिरकत की। पठानिया ने कहा कि सम्मेलन में हुए मंथन और संवाद के दूरगामी परिणाम सामने आएंगे।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी कई क्षेत्रों में व्यापक वर्षा हुई है। बिलासपुर जिले के नम्होल क्षेत्र में बीती रात बादल फटने से सम्पत्ति को भारी नुकसान हुआ है। इस घटना में जहां कई सड़कों को क्षति हुई वहीं मलबे में कुछ वाहन भी दब गए। इसके अलावा कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। उधर चम्बा जिले में भारी बारिश के चलते चिलामा पंचायत के कमलाड़ी और घटासनी गांवों में कई घरों में मलबा घुस गया। इससे घटासनी पंचायत में करीब 6 घरों सहित गौशालाओं और पशुधन को भी नुकसान पहुंचा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के अनुसार भू–स्खलन के कारण प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 5 सौ 58 सड़कें अभी भी बंद हैं। इसके अलावा 2 सौ 37 विद्युत ट्रांसफार्मर और 3 सौ 17 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं। राज्य में मॉनसून सीजन के दौरान अब तक 3 सौ 94 लोगों की मृत्यु हुई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में राज्य के सात जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि आई.टी.आई घुमारवीं के भवन का निर्माण जल्द किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रांरभिक तौर पर 6 करोड़ रूपए की राशि भवन निर्माण एजेंसी हिमुडा को उपलब्ध करवा दी है। शेष धनराशि भी चरणबद्ध तरीके से मुहैया करवाई जाएगी। घुमारवीं

में जन सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि इस आई.टी.आई भवन के बनने से प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

**<u>बिंदल</u>**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पार्टी आपदा के समय में प्रभावित परिवारों की भरपूर मदद कर रही है। सोलन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा ने अभी तक 18 हजार राहत किटें आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में भेजी हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से केन्द्र से मिल रही राहत का पूरा उपयोग आपदा पीड़ितों के लिए करने का आहवान किया है।

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहाड़ी राज्यों के लिए नाबार्ड द्वारा विशेष नियम निर्धारित करने की आवश्यकता पर दिया बल।
- कुल्लू और चम्बा जिले के आपदा प्रभावित इलाकों में तीन केन्द्रीय मंत्रियों ने लिया नुकसान का जायजा।
- शिमला में राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन शुरू–उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सम्मेलन से सहकारिता क्षेत्र को मिलेगी नई उर्जा।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी–बिलासपुर के नम्होल में बादल फटने से सम्पत्ति को भारी नुकसान।